दिन– रविवार

दिनांक– 14 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में बिहार को चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने पार्टी की कोर कमिटी की बैठक में नेताओं और कार्यकर्ताओं से बिहार के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

03. हिंदी दिवस के अवसर पर आज देश और प्रदेश में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

04. और, पटना सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में सुबह से ही रूक–रूक कर हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज किशनगंज जिले में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

——————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिहार को चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री कोसी–मेची लिंक परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे।

———बाइट———

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का शुभारंभ करेंगे। देश के कुल मखाना उत्पादन में बिहार का योगदान लगभग नब्बे प्रतिशत है। मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, किशनगंज और अररिया जैसे प्रमुख ज़िले मखाना उत्पादन के प्राथमिक केंद्र हैं। प्रधानमंत्री पूर्णिया में सेक्स सॉर्टेड सीमेन सुविधा का भी उद्घाटन करेंगे। यह राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत एक अत्याधुनिक वीर्य केंद्र है, जो सालाना पांच लाख पशु सीमेन यूनिट का उत्पादन करने में सक्षम है। प्रधानमंत्री डीएवाई–एनआरएलएम के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय फेडरेशनों को लगभग पांच सौ करोड़ रुपये का सामुदायिक निवेश कोष भी वितरित करेंगे तथा कुछ सीएलएफ अध्यक्षों को चेक सौंपेंगे।

प्रधानमंत्री इस दौरे के क्रम में पीएम आवास योजना, ग्रामीण के पैंतीस हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश करायेंगे। श्री मोदी योजना के लाभुकों को सांकेतिक रूप से घर की चाभी सौपेंगे। इधर, कटिहार रेल मंडल के वरिष्ठ डीसीएम अनुप कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री पूर्णियां से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कटिहार मंडल में एक

वंदे भारत समेत तीन रेलगाड़ियों को झंडी दिखायेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अररिया–गलगलिया नई रेललाईन का भी शुभारंभ करेंगे।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने हर दौरे पर बिहार के लिए सौगातों की झड़ी लगाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी का यह दौरा भी ऐतिहासिक होगा।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से बिहार के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने की अपील की है। पटना में पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के लिए गलत भाषा का प्रयोग किया गया, वह विपक्षी पार्टियों की मानसिकता को दिखाता है।

———बाइट———

श्री नड्डा ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों के कारण बिहार में काफी बदलाव हुआ है।

———बाइट———

श्री नड्डा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी नेता प्रत्येक सीट की समीक्षा करे और उसके अनुसार तैयारी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यालय से मतदान केन्द्र तक सब की सक्रियता दिखनी चाहिए।

————————————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एआई और आईओटी आधारित इनडोर नेविगेशन मोबाइल एप **एम्स दिशा** की शुरूआत की। यह एप मरीजों, आगंतुकों और अस्पताल स्टाफ के लिए सहज, त्वरित और तनावमुक्त मार्गदर्शन सुनिश्चित करेगा। इससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ओपीडी, लैब, फार्मेसी, सेंटर सहित दूसरे जगहों की खोज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

————————————————————————————

दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान कल से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह कृषि सम्मेलन, विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे चरण का हिस्सा है जिसका उद्देश्य रबी सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के उत्पादन और कार्य योजना के बारे में मार्ग दर्शन करना है। सम्मेलन की अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे।

————————————————————————————

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी दुनिया की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह बावन करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इधर, हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————————

पटना सहित राज्य के विभिन्न भागों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी बारिश भी हुई है। इस अवधि में पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा में सबसे अधिक छियासठ दशमवल आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आज किशनगंज जिले के कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मधुबनी, सुपौल और अररिया जिलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

———————————————————————————

जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण श्री माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा अगले आदेश तक फिर स्थगित कर दी गई है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कल सोशल मीडिया पोस्ट पर यह घोषणा की। यह यात्रा आज से शुरू होने वाली थी। श्राइन बोर्ड ने एक बयान में लोागों से अपील की है कि तीर्थयात्रा के इच्छुक श्रद्धालु संचार माध्यमों से यात्रा के बारे में ताजा जानकारी लेते रहें।

———————————————————————————

उद्योग विभाग ने राज्य के एक जिला एक उत्पाद अभियान को प्रखंड स्तर तक विस्तार करने का निर्णय लिया है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड का एक विशेष उत्पाद है, उसकी पहचान की जा रही है और उसे बियाडा के माध्यम से मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

———————————————————————————

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। ग्रुप–ए का यह मैच दुबई में रात आठ बजे से खेला जाएगा। इस

वर्ष फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी। इस बीच, श्रीलंका ने कल खेले गये ग्रुप–बी के एक मुकाबले में बंगलादेश को छह विकेट से हरा दिया।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने तिरहुत प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक वीरेन्द्र नारायण को आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में निलंबित कर दिया है। विभाग के निदेशक प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आरोपी के विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई भी शुरू की जा रही है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने वर्ष दो हजार बाईस में फुलवारी शरीफ आपराधिक षड्यंत्र मामले में उन्नीसवें आरोपी के रूप में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया–पीएफआई के बिहार अध्यक्ष महबूब आलम नदवी को गिरफ्तार किया है। महबूब आलम को किशनगंज से गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार बाईस में पटना के फुलवारी शरीफ में एनआईए ने टेरर फंडिंग का खुलासा किया था।

———————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर, लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को उनका यह सपना उस समय साकार हुआ, जब जी.एस.टी. परिषद ने लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती की। आज, हम स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली पर मुकदमा दर्ज।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– मणिपुर के लिए शांति और भरोसे का पुल जरूरी। मिजोरम पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– उच्चतम न्यायालय ने खुद रहने के लिए फ्लैट खरीदने वालों के हित सुरक्षित रखने पर सुनाया फैसला। कहा– जरूरतमंद घर खरीदारों और मुन्नाफाखोरों के अन्तर को समझना होगा।

प्रभात खबर बिहार लोक सेवा आयोग की कल सम्पन्न संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा पर लिखता है– सामन्य ज्ञान के सवालों ने किया परेशान, चौंसठ फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा में हुये शामिल।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में बिहार को चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने पार्टी की कोर कमिटी की बैठक में नेताओं और कार्यकर्ताओं से बिहार के विकास कार्यों को लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

03. हिंदी दिवस के अवसर पर आज देश और प्रदेश में आयोजित किये जा रहे हैं कई कार्यक्रम।

04. और, पटना सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में सुबह से ही रूक–रूक कर हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने आज किशनगंज जिले में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।